
हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

14 बरसाती पानी की निकासी की मांग को लेकर किसानों ने बरवाला लगाया जाम



14 हाइवे की सर्विस लाइन पर स्पीड ब्रेकर की उठी मांग



## खबर संक्षेप

### प्रो. राकेश बहमनी बने हिंदी विभाग के अध्यक्ष

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रो. राकेश बहमनी को विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। प्रो. राकेश बहमनी ने इसके लिए कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई का आभार व्यक्त किया है तथा कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है।

डॉ. राकेश बहमनी गत सात वर्षों से प्रोफेसर हैं। उनका अब तक 24 वर्षों का शैक्षणिक अनुभव हो चुका है।

### बाबा रामदेव का विशाल जागरण एवं भंडारा 1 को

**आदमपुर।** आदमपुर बस स्टैंड स्थित बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में 1 सितंबर सोमवार को रात्रि बाबा रामदेव का विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए समाजसेवी महावीर मंडैया ने बताया कि इस मौके पर राजस्थानी गायक बेदी घुडसाल पार्टी, पूनम मीर, बलवंत प्रजापत एवं हरियाणवी गायक प्रदीप शर्मा बाबा का गुणगान करेंगे।

### हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में राधाष्टमी महोत्सव 31 को

**हिसार।** श्रीहनुमान कुरुक्षेत्र सनातन धर्म मंदिर ट्रस्ट, नागोरी गेट के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर के नवनिर्मित गिन्नी देवी स्मृति हाल में 31 अगस्त को राधाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव प्रबंधक शिव कुमार मित्तल व ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रामकुमार गोयल ने बताया कि इस अवसर पर भजन गायक पवन बृजवासी (वृंदावन) व उनके साथियों द्वारा राधा-रानी का गुणगान किया जाएगा।

## जलभराव के कारण कम नहीं हो रही लोगों की परेशानियां

# हिसार-घग्घर ड्रेन फिर टूटी सैकड़ों एकड़ भूमि जलमग्न

### डीसी यादव ने हिसार-घग्घर ड्रेन की विशेष निगरानी के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में जलभराव खासकर ग्रामीणों इलाकों में लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। जलभ्राव के कारण हजारों एकड़ में खड़ी खरीफ की फसलें खराब होने की कगार पर है। गुरुवार को गांव शाहपुर तथा मात्रश्याम के बीच हिसार-घग्घर ड्रेन एक बार फिर से टूट गई। इसके कारण आसपास की सैकड़ों एकड़ भूमि जलमग्न हो गए। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी तथा ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ड्रेन में आई दरार को पाटने में जुट गई। ड्रेन में आई दरार का मामला गुरुवार को प्रशासनिक भवन के मुख्य सभागार में डीसी अनीश यादव की अध्यक्षता में चल रही जन परिवाद समिति की बैठक में भी उठा। डीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के ड्रेन की 24 घंटे निगरानी करने के आदेश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि ड्रेन में क्षमता से अधिक पानी आने के कारण हालात बिगड़े हैं। उधर, बरवाला खंड के गांव बुगाना में गुरुवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे अचानक 100 साल पुरानी हवेली की दीवार गली में गिर गई। थोड़ी देर पहले ही स्कूली बच्चे वहां से होकर निकले थे। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

बता दें कि दो दिन पहले भी गांव शाहपुर में ड्रेन टूट गई थी, जिसे ग्रामीणों व विभाग के अधिकारियों ने बड़ी मुश्किल से बांधा था। हालात यह बन गए है कि हिसार-घग्घर ड्रेन में पानी क्षमता से अधिक होने के कारण टोकस व पातन के ग्रामीणों को रात जागकर गुजारनी पड़ी रही है। इसकी वजह गांव का ड्रेन से करीब 10 फुट नीचे होने है। ग्रामीण इस समय भय के साए में रहने को मजबूर है।

जिले के गांव शाहपुर, लुदास, न्योलीकलां, आर्यनगर, सीसवाल, सारंगपुर, कोहली, महलसरा, सातरोड, रायपुर, शिकारपुर, भगाना, गंगवा, मिर्जापुर, सुलखनी, राजली, धांसू, बुगाना, खरकड़ी, खोखा, घिराय, लितानी, चैनत, भाटला, रामायण, देपल, ढंढेरी, ढाणा कलां, ढाणा खुर्द, महेंदा, जमावड़ी, कुंभा, थुराना, जीतपुरा, भाटोल जाटान, सोरखी, गांव बास, बडाला, पुट्टी, बढ़छप्पर, खरबला, मदन हेड़ी, सिंघवा खास, सीसर, मोहला, उगालन, भकलाना, धर्मखेड़ी, घुसकानी, पेटवाड़, पाली समेत कई जलभराव के कारण लोगों परेशान है।



हिसार। मलबे में अपना सामान तलाती विधवा बुजुर्ग महिला। फोटो : हरिभूमि



हिसार। हिसार-घग्घर ड्रेन की टूटने से तेजी से बहता पानी। फोटो : हरिभूमि

### कमरे की छत गिरी, बाल बाल बची बुजुर्ग महिला

मिल गेट स्थित गीता कॉलोनी की गली नंबर 12 में रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रात को मकान की छत अचानक गिर गई। इस हादसे में 65 वर्षीय विधवा बुजुर्ग महिला कमलेश बाल-बाल बच गईं। गनीमत रही कि घटना के समय वह कमरे से बाहर निकल आईं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। छत गिरते ही पूरा सामान मलबे के नीचे दब गया। कमरे में रखी बुजुर्ग महिला की अलमारी, चारपाई, गैस चूल्हा, बर्तन, कपड़े और अन्य घरेलू सामान दब गया। हादसे के बाद आज सुबह जब कमलेश मलबे में दबे अपने सामान को देख रही थीं तो उनकी आंखों में आंसू छलक उठे। बुजुर्ग महिला ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी मदद की जाए, ताकि वह दोबारा अपनी जिंदगी को संभाल सकें।

## रेप के आरोपी देवेन्द्र के खिलाफ चार्जशीट पेश, 45 गवाह बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



रेप का आरोपी देवेन्द्र बुड़िया।

जयपुर-चंडीगढ़ से पर्याप्त सबूत जुटाए, अगली सुनवाई 10 सितंबर को

जिले के आदमपुर थाना में दर्ज रेप केस मामले में पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र बुड़िया के खिलाफ चार्जशीट पेश कर दी है। उनके खिलाफ इस वर्ष जनवरी में आदमपुर क्षेत्र की युवती ने रेप व धमकी देने सहित कई आरोप लगाए थे। आदमपुर थाना में दर्ज इस मामले में पुलिस ने करीब 1900 पन्नों की चार्जशीट पेश करते हुए 45 गवाह बनाए हैं। मामले की अगली पेशी अब 10 सितंबर को होनी है जिसमें आरोपी देवेन्द्र बुड़िया को व्यक्तिगत रूप से पेश किया जाएगा और इसके बाद केस का ट्रायल शुरू होगा।

चार्जशीट जमा करवाते हुए पुलिस ने दावा किया है कि देवेंद्र बुड़िया के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। चंडीगढ़ में जिस होटल में युवती से रेप हुआ, वहां की सीसीटीवी फुटेज से जुड़ी रिपोर्ट भी है, वहीं, जयपुर के फ्लैट में भी घटना वाले दिन युवती के साथ बुड़िया मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि सभी के साक्ष्य चार्जशीट में लगाए गए हैं। इतना ही नहीं युवती और देवेंद्र बुड़िया के मोबाइल फोन का डेटा भी पुलिस के पास है।

### चंडीगढ़ व जयपुर में लगाया आरोप

पुलिस का कहना है कि युवती ने चंडीगढ़ व जयपुर में रेप का आरोप लगाया था। ऐसे में दोनों स्थानों से पर्याप्त सबूत जुटाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि पीड़ित और आरोपी दोनों के मोबाइल का फोरेंसिक डेटा भी रिकवर कर लिया गया है। जयपुर में फ्लैट से देवेंद्र बुड़यि के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले हैं। पुलिस ने एक-एक सीन को चार्जशीट में बताने की कोशिश की है। पुलिस ने फ्लैट का नक्शा, वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरों का रिकॉर्ड से लेकर जिस कमरे में पीड़ता का रेप हुआ वहां से नमूनों की जांच रिपोर्ट चार्जशीट में लगाई है।

## खंभे गिरने और पानी भरने के कारण अनेक गांवों की बिजली सप्लाई बाधित

**हिसार।** जिले के बालसमंद क्षेत्र में बिजली के तीन मुख्य पोल गिरने से 22 गांवों की बिजली सप्लाई बुधवार रात से ही बाधित है। बिजली निगम के कर्मचारियों का कहना है कि पोल गिरने के स्थान पर अधिक पानी भरा होने के कारण नए पोल नहीं लगाए जा सकते हैं। प्रभावित गांवों में बालसमंद, किरतान, सीसवाला, धीरनवास, भिवानी रोहिल्ला, सुंडावास और खारिया डोभी सहित अन्य गांव शामिल हैं। बिजली निगम ने समस्या का समाधान करने के लिए आदमपुर से ऑप्शनल सप्लाई देने का निर्णय लिया है। बिजली निगम बालसमंद कार्यालय के जेई विकास का कहना है कि बिजली सप्लाई की मेन लाइन पर धीरणवास गांव के नजदीक पोल गिरने से रात ढाई बजे बिजली कट लगाया गया था, तभी से कर्मचारी उपकरण मशीनों के साथ पोल खड़े करने में लगे हुए है। शीघ्र ही बिजली सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी। बिजली सप्लाई बाधित होने से परेशान ग्रामीणों के लिए बिजली निगम ने आदमपुर से बिजली सप्लाई देने का निर्णय लिया है।

### विवाद के असली जिम्मेवार अधिकारियों पर हो कार्रवाई

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता वजीर सिंह पूनिया ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं विवाद सुलझाने के लिए बनी कमेटी से मांग की है कि हकृवि में पिछले दिनों हुए विवाद के लिए जो अधिकारी असल जिम्मेवार है, उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### गुजवि में दांतों व आंखों का चेकअप कैंप आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर के सौजन्य से शुक्रवार को दांत व आंख चैकअप कैंप का आयोजन किया गया जाएगा। हेल्थ सेंटर परिसर में लगने वाले इस शिविर का उद्घाटन कुलपति करेंगे। कुलसचिव भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। विवि की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरीना ने बताया कि दांतों का चेकअप डा. सचिन मित्तल, डा. निशा एवं डा. मुदिता करेंगी।

## नाली विवाद में पड़ोसी पर फायर करने वाला भाजपा नेता काबू

**हांसी।** उपमंडल के गांव देपल में नाली के विवाद को लेकर पड़ोसी पर फायर कर हत्या प्रयास मामले में सदर थाना पुलिस ने आरोपी भाजपा उमरा मंडल अध्यक्ष व देपल निवासी विजय को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि पकड़े आरोपी ने 23 अगस्त को सुबह पड़ोसी के साथ गली में नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से अपने पड़ोसी देपल निवासी प्रवेश को जान से मारने की नियत से गोली चला दी थी। थाना सदर हांसी पुलिस ने प्रवेश की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाइसेंसी रिवाल्वर, तीन कारतूस व एक खाली खोल बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी विजय को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## 82 बेसहारा पशुओं को पकड़ भेजा गो-अभ्यारण

- अभियान के दौरान बाइर्स पशुओं को भागते दिखे, पीछा किया तो नहीं आए पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी है। नगर निगम द्वारा बुधवार को रात्रि के समय 82 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण भेजा गया। इस दौरान रात को भी 2 स्थानों पर आजाद नगर और सेक्टर 14 नागरिक अस्पताल के पास टीम पहुंची तो कुछ बाइक सवार पशुओं को भगा रहे थे।

जिसका टीम ने पीछा किया लेकिन वे पकड़ में नहीं आए। टीम ने पूरा मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में ला दिया गया है। रात्रि अभियान के दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस विभाग की टीम, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व उनकी टीम, यूनियन प्रधान सुरेन्द्र मौजूद रहे। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने बुधवार रात्रि 9 बजे से शुरू किया गया।

अभियान सुबह साढ़े 6 बजे तक चला। इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों से 82 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा गया। उन्होंने बताया कि सेक्टर 14 व सेक्टर 33 से 20 पशु, आजाद नगर से 40 पशु और रेड स्क्वेयर मार्केट व ग्रीन स्क्वेयर मार्केट से 22 पशुओं को पकड़ा गया। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और निगम प्रशासन के पशुपालकों को चेतावनी के बाद भी पशुओं को खुले में छोड़ा जा रहा है और पशुपालक बाइक या गाड़ी से भगाने से नहीं कतराते।



हिसार। रात के समय बेसहारा पशुओं को पकड़ती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

## सास की हत्या करने वाले दामाद को उम्रकैद, 22 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- आरोपी सुग्रीव की शादी वर्ष 2018 में कर्मजीत से हुई थी

एडीजे निशांत शर्मा की अदालत ने सास की हत्या मामले में दोषी दामाद सुग्रीव को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 22 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

अदालत में मामले के अनुसार रावतखेड़ा गांव में सुग्रीव ने 10 सितंबर 2024 को रात लगभग 11 बजे अपनी सास रोशन देवी की कुल्हाड़ी से गर्दन पर हमला करके हत्या कर दी थी। आरोपी सुग्रीव की शादी वर्ष 2018 में कर्मजीत से हुई थी।

शराब की लत के कारण पति-पत्नी में अक्सर झगड़े होते थे। इसी कारण कर्मजीत 2024 में घर छोड़कर चली गई। इसके बाद सुग्रीव अपनी बहन ओमपति के साथ रावतखेड़ा में रहने लगा। वह अपने ससुराल वालों को जान से मारने की धमकी देता था। वारदात की रात रोशन देवी और उनके पति रामकिशन आंगन में सो रहे थे। सुग्रीव ने घर में घुसकर सास पर कुल्हाड़ी से हमला किया। ससुर रामकिशन पर भी हमला किया। शोर सुनकर जब बेटा धर्मबीर बाहर आया तो सुग्रीव धमकी देकर भाग गया।

गंभीर हालत में रोशन देवी को नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अदालत नगर थाना पुलिस ने 11 सितंबर को मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया। अदालत ने इस मामले में सुग्रीव को सोमवार को दोषी करार दिया था, जिसे गुरुवार को सजा सुनाई गई।

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला 5वां आरोपी काबू

- पार्ट जॉब के नाम की थी 5.67 लाख की धोखाधड़ी

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 5.67 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले पांचवें आरोपी राजस्थान के जयपुर जिले के गांव बिहारीपुर निवासी राजबीर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। मुख्य सिपाही सुरेश सोनी ने बताया कि आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गढ़ी निवासी संदीप शर्मा को 4 जनवरी 2025 को उसके व्हाट्सएप पर पार्ट टाईम जॉब करके रुपया कमाने का मैसेज भेजा था। मैसेज भेजकर अपना नाम सुनिता शर्मा कम्पनी का नाम ब्रांड मार्क एसोसिएट प्राईवेट लिमिटेड बताया था। उसके बाद एक लिंक भेज कर टेलीग्राम पर इनवाइट करके विभिन्न होटलों के लिंक भेजकर रेटिंग देने का काम दिया था।

## हिसार को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने का संकल्प : सावित्री जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



गीला-सूखा कचरा अलग करें, सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करें, जिला प्रशासन और नगर निगम की सराहना, नागरिकों से सहयोग की अपील

सावित्री जिंदल, विधायक, हिसार

विधायक सावित्री जिन्दल ने अपने चुनावी संकल्प-पत्र में किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए हिसार शहर को स्वच्छ, सुंदर, और दुर्घटनामुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया है। इसके तहत उन्होंने घुमंतू मवेशियों को गऊ अभयारण्य में भेजने की पहल को प्राथमिकता दी है। साथ ही, स्वच्छ भारत अभियान के तहत हिसार जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्होंने हिसारवासियों से इस अभियान में पूर्ण सहयोग का आह्वान किया है। पिछले सप्ताह नगर-निगम के अधिकारियों से इस विषय में वार्तालाप हुई थी। उस समय अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि इन कार्यों को पर जल्द से जल्द संज्ञान लिया जाएगा और इस और ध्यान देकर नागरिकों को भी जागरूक किया जाएगा। विधायक जिन्दल ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग निर्धारित स्थानों पर डालें ताकि कचरा प्रबंधन को और प्रभावी बनाया जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद करने का आह्वान किया, ताकि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा मिले।

**निरीक्षण** सीएम फ्लाइंग टीम ने कई गांवों में निरीक्षण करके जांच विकास कार्य

# अग्रोहा ब्लॉक में विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत सीएम फ्लाइंग इंचार्ज ने मौके पर किया निरीक्षण

- जानकारी के अनुसार, किसी व्यक्ति ने सीएम फ्लाइंग को शिकायत दी गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के अग्रोहा ब्लॉक में पंचायती राज संस्थाओं द्वारा करवाए गए विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की टीम मौके पर पहुंची। टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किया। इस दौरान टीम ने नंगथला, कुलेरी, किरमारा, अग्रोहा, मीरपुर, कनोह, लांधड़ी सहित कई गांवों में जाकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से पूरा रिकॉर्ड तलब किया। जानकारी के अनुसार, किसी व्यक्ति द्वारा सीएम फ्लाइंग को शिकायत दी गई थी कि ब्लॉक के कई गांवों में पंचायत द्वारा करवाए गए निर्माण कार्यों में भारी गड़बड़ी की गई है और सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। शिकायत के आधार पर टीम ने आज औचक निरीक्षण करते हुए कई परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति की जांच की।



हिसार। अग्रोहा ब्लॉक के गांवों में विकास कार्यों का निरीक्षण करती सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना व टीम। फोटो : हरिभूमि

### पक्का रास्ता बनाने में नियमों का उल्लंघन हुआ

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गांव नंगथला की ढाणियों तक जाने वाले चार पक्के रास्तों के निर्माण में अनियमितताएं हुई हैं, किरमारा गांव में ढाणी तक पक्का रास्ता बनाने में नियमों का उल्लंघन हुआ, अग्रोहा पीएचसी के पार्क निर्माण व मीरपुर में गंदे पानी की निकासी के नाले में गड़बड़ी बरती गई, कुलेरी गांव में नियमों के विपरीत मंदिर की पेंटिंग व मॉडल पाउंड निर्माण में अनियमितता की गई, कनोह गांव में रास्ते के निर्माण कार्य में भी गड़बड़ी की बात सामने आई है। इसके अलावा, मनरेगा के तहत अग्रोहा, किरमारा व लांधड़ी गांवों में बनाए गए खेल स्टेडियमों के निर्माण कार्यों में भी गड़बड़ी बरतने की शिकायत दर्ज हुई है। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने मौके पर पहुंचकर सभी विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और रिकॉर्ड की गहनता से जांच की। उन्होंने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच पूरी सावधानी से की जा रही है और रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है। जांच टीम में एएसआई सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल विजय, अकाउंटेंट कुलदीप और राजस्व विभाग के पटवारी भी शामिल रहे। इस मौके पर अग्रोहा ब्लॉक के कई गांवों के सरपंच व ब्लॉक समिति सदस्य भी पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### एनआईआरसी हिसार ब्रांच की एआई वर्कशॉप 6 से

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा तीसरे चरण की एआई वर्कशॉप 6 व 7 सितंबर को आयोजित की जाएगी। सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित होने वाली इस वर्कशॉप से सीए स्टूडेंट्स को सीधा लाभ मिलेगा।

### नगर निगम ने दुकानदारों के किए चालान

**हिसार।** नगर निगम द्वारा चेकिंग के दौरान स्वच्छता शाखा की टीम ने जिन्दल चौक पर दुकान में कचरा डालने के लिए डस्टबिन न रखने पर दो दुकानदारों और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर 2 दुकानदारों के 1700 रूपये की चालान किये। टीम में सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू मौजूद रहे। टीम ने जिन्दल चौक पर दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक व पालीथिन के होने वाले नुकसान व इसके प्रभाव के प्रति भी जागरूक किया।

### बिजली कर्मियों का धरना सातवें दिन भी जारी

**हांसी।** एसडीओ सिटी कार्यालय में मांगों को लेकर चल रहा कर्मचारियों का धरना सातवें दिन भी जारी रहा। सातवें दिन धरनें की अध्यक्षता यूनिट उप प्रधान राजेश बत्रा ने की तथा मंच संचालन मन्नू यादव ने किया। इस मौके पर यूनिट सचिव शिवेंद्र सैनी ने आरोप लगाया कि एसडीओ सिटी पिछले एक सप्ताह से कार्यालय से नदारद हैं, जिससे कार्यालय के सभी कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं।

### मोहम्मद ईशाक प्रधान व अंग्रेज सिंह सचिव बने

**उकलाना।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक उकलाना का 17वां त्रिवार्षिक चुनाव सम्मेलन ब्लॉक प्रधान मोहम्मद ईशाक की अध्यक्षता में अम्बेडकर भवन में सम्पन्न हुआ। मंच का संचालन सह सचिव राकेश मंडा ने किया। सम्मेलन में प्रधान मोहम्मद ईशाक, वरिष्ठ उपप्रधान राकेश मंडा, उप प्रधान रामकुमार डूडी, सचिव अंग्रेज सिंह, सहसचिव अनिल कुमार नगरपालिका, कैशियर अनिल कूंडू सर्वसम्मति से चुने गए।

### लंबित राजस्व कार्यों के त्वरित निपटान के निर्देश

**हिसार।** लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग हॉल में गुरुवार को आयोजित जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में उपायुक्त अनीश यादव ने इंतकाल, ततिमा कटिंग, मॉडर्न रिवैन्यू रिकॉर्ड रूम इत्यादि राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की और लंबित कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि जिले में इंतकाल के 17 हजार 277 केस लंबित है।

### महिला पुलिस कर्मचारियों को किया जागरुक

**हांसी।** महिला थाना प्रबंधक महिला इंस्पेक्टर सरोज कुमार के मार्गदर्शन में बृहस्पतिवार को महिला थाना में महिला पुलिस कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में नागरिक अस्पताल हिसार के चिकित्सक डॉ.शालू ढांडा (फिजियोलॉजिस्ट एवं मनोवैज्ञानिक व डॉ. प्रियंका मेडिकल ऑफिसर, एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी ने शिरकत की।

## विद्या देवी जिंदल में आईपीएससी बास्केटबॉल चैंपियनशिप का भव्य समापन

# एमरल्ड हाइट्स स्कूल इंदौर ने जीती बास्केटबॉल चैंपियनशिप

### एमएनएनएस. राय मॉडर्न स्कूल ने पाया द्वितीय स्थान

### भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम की पूर्व कप्तान और अर्जुन अवार्डी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिबा मैगन ने विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विद्या देवी जिंदल स्कूल में आयोजित आईपीएससी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का समापन-समारोह उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुआ। अंतिम परिणामों में एमरल्ड हाइट्स स्कूल, इंदौर ने शानदार खेल कौशल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमएनएनएस. राय मॉडर्न स्कूल ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि मेज़बान स्कूल विद्या देवी जिंदल स्कूल, हिसार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। समापन समारोह की भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम की पूर्व कप्तान और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिबा मैगन ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान शिबा मैगन ने विजेता टीमों को ट्रॉफियां और मेडल प्रदान किए तथा खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल खेल प्रतिभा को उभारती हैं बल्कि टीमवर्क और नेतृत्व जैसे गुणों को भी विकसित करती हैं। इससे पूर्व समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों ने मुख्य अतिथि को बैम्बू शूट देकर उनका स्वागत किया तथा उनके प्रति आभार प्रकट किया। तीन दिनों तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में मेजबान स्कूल विद्या देवी जिंदल स्कूल, हिसार, डेली कॉलेज इंदौर, एमरल्ड हाइट्स स्कूल, इंदौर, लॉरेन्स स्कूल, ऊंटी, द मान स्कूल दिल्ली, हैदराबाद पब्लिक स्कूल, एम.एन.एस.एस.राय मॉडर्न स्कूल, संस्कार वैली स्कूल सहित देशभर के प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।



हिसार। मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी शिबा मैगन व अन्य अतिथियों के साथ खिलाड़ी।

### ताइक्वांडो, स्केटिंग व सेल्फ डिफेंस में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हिसार।** सेल्फ डिफेंस सोसायटी द्वारा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में ताइक्वांडो, स्केटिंग और सेल्फ डिफेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अध्यापिका रीटा मलिक उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेल्फ डिफेंस सोसायटी के अध्यक्ष रोहतास कुमार ने की। मुख्य अतिथि रीटा मलिक ने बच्चों का प्रदर्शन देखकर उनकी प्रशंसा की। सोसायटी की ओर से बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिमाक्ष, अवनी, सौम्या, नूर, हरनूर, पियूष, मीशा, प्रिशा, आयत, समायरा, शरण्या, आद्विका, अयांश व शनाया आदि को सम्मानित किया।





### छात्रों की समस्याओं को लेकर केएसओ ने निकाला पैदल मार्च

**हिसार।** क्रांतिकारी स्टूडेंट्स ऑग्रेनाइजेशन (केएसओ) के बैनर तले छात्रों ने गुरु दक्ष पॉलिटेक्निक कॉलेज से मुख्य बस स्टेंड तक पैदल मार्च निकाला। यह मार्च छात्रों की बसों संबंधी ज्वलंत समस्याओं को लेकर निकाला गया और जीएम रोडवेज को ज्ञापन सौंपा गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र नेता एवं केएसओ प्रमुख हरीकेश ढांडा ने किया। हरीकेश ढांडा ने बताया कि छात्रों की बसों संबंधी समस्या को उठाने व उसके निदान के लिए यह पैदल मार्च निकाला गया। छात्रों की मुख्य मांगों के अनुसार हिसार पॉलिटेक्निक कॉलेज के बाहर बस स्टॉप बनाया जाए, वर्तमान में कॉलेज गेट पर कोई बस नहीं रुकती, जिससे छात्रों को रोजाना कई किलोमीटर पैदल जाना पड़ता है या महंगा ऑटो लेना पड़ता है। छात्रों की अन्य मांग में बस पास की देरी में छात्रों से किराया वसूली बंद होनी चाहिए।

### हैप्पी पब्लिक स्कूल में किया चिकित्सा शिविर आयोजित



**हांसी।** हैप्पी पब्लिक स्कूल में गुरुवार विद्यार्थियों व अभिभावकों के स्वास्थ्य जांच के लिए चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर उदित कुंज फाउंडेशन सौजन्य के सहयोग से लगाया गया। शिविर का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने किया। विद्यालय के प्राचार्य व डायरेक्टर सुरेंद्र बेरवाल व प्रबंधक विजेंद्र सिंह प्रजापति ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना और समय-समय पर उनकी जांच करके संभावित बीमारियों से बचाव करना है। इस अवसर पर मुख्यातिथि सुनील कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और विद्यार्थी तभी पढ़ाई व जीवन के अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं जब वे शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ हों।

## लॉज की आड़ में चल रहा था देह व्यापार

- पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में 4 युवकों व 3 युवतियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बस स्टैंड चौकी पुलिस ने डीएसपी विनोद शंकर के नेतृत्व में शांति निकेतन कालोनी स्थित एक लॉज में दबिश देकर वहां चल रहे देह व्यापार का भांडा फोड़ किया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर लॉज पर दबिश देकर 4 युवकों व 3 युवतियों को रंगे हाथों काबू किया। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ देह व्यापार की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की जानकारी देते हुए हुए डीएसपी विनोद शंकर ने बताया कि पुलिस को पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि शांति निकेतन कॉलोनी स्थित एक लॉज में देह व्यापार की प्रतिबंधित गतिविधियां चल रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गुरुवार शाम को बस स्टैंड पुलिस चौकी प्रभारी एसआई खेता राम व महिला पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लॉज की आड़ में अनैतिक देह व्यापार का अवैध धंधा चलने वाली 3 महिलाओं सहित 4 युवकों को काबू कर उनके खिलाफ देह व्यापार की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि लॉज से पकड़ी गई लड़कियों को देह व्यापार के लिए बाहर से बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस की दबिश से पूर्व लॉज मालिक मौके से फरार हो गया।



हांसी। होटल में देह-व्यापार के आरोप में पकड़ी महिलाओं व युवकों को पकड़ कर ले जाती महिला पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### संदीप धीरणवास बालसमंद कमेटी के प्रधान बने

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी बालसमंद का सम्मेलन बलजीत सिंह, रामकुमार जांगड़ा व बलराज बिजला की अध्यक्षता में हुआ। इसमें किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नव निर्वाचित तहसील सचिव बलराज बिजला ने कहा कि सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए जिला सचिव सतबीर सिह धायल ने कहा कि किसान आन्दोलन का इतिहास बहुत पुराना है, जो सहुलियत आज किसानों को मिल रही है, उसे प्राप्त करने के लिए किसानों ने बहुत लम्बे संघर्ष किए हैं। इस मौके पर किसान सभा के जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह नम्बरदार, जिला कोषाध्यक्ष कपूर सिंह बगला, वरिष्ठ किसान नेता सूबे सिंह बूरा आदि रहे।

## विधायक चंद्रप्रकाश ने विधानसभा में बुलंद की पिछड़ा वर्ग की आवाज

- नौकरियों में बीसी ए कैटेगरी को 16 और बीसी बी को 11 फीसद आरक्षण तुरंत दिया जाए : चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विधायक चंद्रप्रकाश ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान पिछड़ा वर्ग के हक की आवाज को बुलंद करते हुए आरक्षण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सरकारी नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को 27 फीसद आरक्षण का प्रावधान किया हुआ है। प्रदेश सरकार को भी इसी तर्ज पर बीसी ए कैटेगरी को 16 फीसद और बीसी बी को 11 फीसद आरक्षण तुरंत देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए और उन्हें आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर प्रदान करने के लिए सरकार को आरक्षण बढ़ाना चाहिए। विधानसभा सत्र में हिस्सा लेने के उपरांत विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनावों के दौरान बड़े-बड़े वादे करके पिछड़ा वर्ग के वोट तो हासिल कर लिए लेकिन उनके हितों के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा। गरीब, मजदूर, किसान, शोषित, वंचित व पिछड़ा वर्ग सहित हर वर्ग अपनी आजीविका के लिए परेशान है। लगातार बढ़ती महंगाई व रोजगार की कमी के कारण गरीब व मजदूर के लिए जीना दूभर हो गया है।



विधानसभा में पिछड़ा वर्ग का मुद्दा उठाते विधायक चंद्रप्रकाश।



### खेड़ी चौपटा में नशा मुक्ति पर पोस्टर प्रतियोगिता

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा में नशा मुक्ति आंदोलन के तहत गुरुवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने रंगों और चित्रों के माध्यम से नशे के नुकसान और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को प्रदर्शित किया। किसी ने नशे को जीवन बर्बाद करने वाली लत के रूप में दर्शाया, तो किसी ने शिक्षा और स्वास्थ्य को सफलता की राह बताया। पोस्टरों में सामाजिक बुराइयों, पारिवारिक विघटन और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य पर पड़ने वाले असर को स्पष्ट रूप से दिखाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल मेहता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज-तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस बुरी आदत से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाएं। साथ ही छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने की प्रेरणा दी।

## प्रदेशभर में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने रखा सांकेतिक उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेशभर में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों पर लोकेशन आधारित जिओ फेंसिंग उपस्थिति के आदेशों के विरोध में सिविल सर्जन कार्यालय पर सांकेतिक उपवास रखा गया। सांकेतिक उपवास रोष कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस के जिला महासचिव डॉ. अनीश चहल और संचालन तालमेल कमेटी के संयोजक एमपीएचडब्ल्यू नूर मोहमद ने किया। स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों द्वारा जारी आदेशों को निरस्त करने की मांग को लेकर विभाग की संयुक्त अधिकारी-कर्मचारी तालमेल कमेटी बाद में सिविल सर्जन को सीएम व राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा। सांकेतिक उपवास पर एचसीएमएस एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. विक्रम गोरिया, सचिव डॉ. अनीश चहल, डेंटल सर्जन डॉ. रवि चौहान, नर्सिंग ऑफिसर प्रधान संतोष श्योराण, ब्लॉक आदमपुर से संतोष कुमारी, बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के जिला प्रधान विकास संदलाना, सचिव रवींद्र पेटवाड़, फार्मेसी ऑफिसर विनोद दलाल, रोमी सिंगला, रेडियोलॉजी ऑफिसर अंशु रानी, अनिल वत्स, टेक्निकल ऑफिसर वेदव्रत जाखड़, हरीश कुमार, एनएचएम के मनोज कौशिक, बलजीत नैन, मिनिस्टीरियल स्टाफ के महेश श्योराण उपवास पर बैठे।



हिसार। सांकेतिक उपवास पर बैठे स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मचारी।

### सीएम सैनी ने महिलाओं और गरीबों को दिया तोहफा : अनिल मानी



*हिसार। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा महिलाओं को दीन दयाल उपाध्याय लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर महीने 2100 रुपये देने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना और ग्रामीण क्षेत्र में 100 गज व शहरी क्षेत्र में 50 गज के प्लॉट पर स्टांप ड्यूटी खत्म करने की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इन घोषणाओं से महिलाओं और गरीबों को तोहफा देने का काम किया है। अनिल मानी ने कहा कि हरियाणा में दीन दयाल उपाध्याय लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 25 सितंबर से 2100 रुपये महीने मिलने शुरू हो जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को चंडीगढ़ में कैबिनेट की मीटिंग में इसकी घोषणा की।*

### टीचर डे पर सम्मानित होंगे मास्टर उपेन्द्र डाटा

**नारनौंद।** इंटरनेशनल टीचर डे पर इस बार शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाले नारनौंद क्षेत्र के शिक्षक पीजीटी अंग्रेजी उपेन्द्र डाटा सम्मानित किए जाएंगे। पीजीटी उपेन्द्र डाटा वर्तमान में बीईओ ऑफिस उकलाना में ब्लॉक रिसोर्स पर्सन के पद पर कार्यरत हैं और लंबे समय से शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि इंटरनेशनल टीचर डे का भव्य सम्मान समारोह 5 अक्टूबर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित होगा।



### मनरेगा मजूदरों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**हिसार।** अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच राज्य कमेटी के आह्वान पर प्रदेश के सभी मनरेगा मेट व मजदूरों ने गुरुवार को शहर में प्रदर्शन किया। इससे पूर्व क्रांतिमान पार्क इकट्ठा होकर शहर में प्रदर्शन करते हुए मिनीसेक्रेटेरिएट पर पहुंचे और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री तथा पंचायत मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप गए। प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से कृष्ण कुमार सुलचानी व रमेश नापा ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच राम अवतार सुलचानी ने कहा कि देश भर में मनरेगा एडवाइजरी काम बंद करने का आदेश वापस ले वरना देश व हरियाणा भर में बड़ा आंदोलन होगा।

### ट्रक चालक से मारपीट कर पांच हजार की नकदी लूटी

**नारनौंद।** जिले के मुढ़ाल शराब ठेका के पास देर रात चार अज्ञात बदमाशों ने एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर पांच हजार रुपये लूट लिए। घटना के बाद पीड़ित ने हिम्मत कर 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। शिकायत पर बास पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तलवंडी निवासी चालक भवानी सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह टाटा ट्रक पर चालक का काम करता है। गत 24 अगस्त की शाम को वह हनुमानगढ़ से ट्रक में सामान लोड कर गुड़गांव के लिए निकला था। रात करीब 12:40 बजे जब वह मुढ़ाल ठेका के पास पहुंचा। यहां उसने ट्रक खड़ा कर ठेके से शराब लेने की लिए गया लेकिन गेट बंद होने के कारण शराब नहीं मिली।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर किया सम्मानित

## हकृवि के गेहूं वैज्ञानिकों को गोष्ठी में मिला राष्ट्रीय सम्मान

- गोष्ठी हाल ही में ग्वालियर में आयोजित की गई जिसमें विश्वविद्यालय की टीम को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेहूं वैज्ञानिकों को 64वीं अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ शोधकर्ता वार्षिक गोष्ठी में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया है।

यह गोष्ठी हाल ही में ग्वालियर में आयोजित की गई जिसमें विश्वविद्यालय की टीम को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र दिया गया। समारोह में मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट उपस्थित रहे।

बेहतर चपाती गुणवत्ता वाली गेहूं किस्म डब्ल्यू एच 1306 को मिला प्रतिष्ठित पुरस्कार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित गेहूं की उन्नत किस्म डब्ल्यूएच 1306 को उच्च उत्पादकता, रोग प्रतिरोधकता और बेहतर गुणवत्ता के लिए देशभर में सराहा गया है। यह किस्म विशेष रूप से भारत के प्रायद्वीपीय क्षेत्रों महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, गोवा, तमिलनाडु और केरल के लिए सिंचित एवं समय पर बुवाई हेतु विकसित की गई है। उन्होंने बताया कि चपाती गुणवत्ता के मानकों पर यह किस्म-देसी किस्म सी 306 के बाद हकृवि की दूसरी सर्वश्रेष्ठ किस्म मानी गई है। समारोह में सम्मान पाने वाले विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में डॉ. ओपी बिश्नोई, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. मोहिन्दर सिहं दलाल, डॉ. योगेन्द्र गुलिया, डॉ. हर्ष चौरसिया, डॉ. भगत सिंह, डॉ. प्रियंका एवं डॉ. मनमोहन सिंह उपस्थित रहे।





हिसार। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करते हकृवि वैज्ञानिक।

## खबर संक्षेप

### मकान से चोरी मामले में एक युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने दिन दहाड़े मकान से हजारों रुपये और सोने के गहने चोरी करने मामले में एक युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपित युवक की पहचान सन्नी निवासी माढ़ा के रूप में हुई हैं। जिसको कोर्ट में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि आरोपित युवक 30 जुलाई को वार्ड तीन नारनौंद निवासी राजकुमार के मकान में से पांच हजार रुपये व एक जोड़ी सोने के टोपस सहित अन्य सामान चोरी करके ले गए थे।

### राखी खास में दो किसानों के खेत से सामान चोरी

**नारनौंद।** राखी खास में किसानों के खेतों से सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। यह चोरी राखी खास निवासी रविंद्र कुमार व सत्यनारायण के खेतों में हुई है। पीड़ित किसानों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। नारनौंद थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव राखी खास निवासी रविन्द्र कुमार और सत्यनारायण ने बताया कि वे रोजाना की तरह बीते दिन खेतों में काम करने के बाद शाम को अपने घर लौट आए थे।

### बीड़ बबरान धाम का दूसरा ताली कीर्तन 30 को

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम द्वारा 30 अगस्त को दूसरा निशुल्क ताली कीर्तन शांति नगर में आयोजित किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक चलने वाले इस कीर्तन में निज पुजारी विनय शर्मा व अन्य भजन गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा और भक्तों को अखंड ज्योति के दर्शन का अवसर भी मिलेगा।

### तिरुपति धाम में 31 को होगा श्री नारायण कीर्तन

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान की महिमा का गुणगान करने के लिए 31 अगस्त को श्री नारायण कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गायक भजनों के माध्यम से प्रभु की आराधना करेंगे। सायं 4.30 बजे से सायं 7 बजे तक चलने वाले श्री नारायण कीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। इस दौरान राधा अष्टमी भी धूमधाम से मनाई जाएगी। तिरुपति धाम में सात दिवसीय श्री पवित्रा उत्सव भी पूरे उत्साह के साथ चल रहा है। पवित्रा उत्सव में अर्चकों ने पूरे विधि विधान से हवन किया और मंत्रोच्चारण के साथ जनकल्याण की कामना की।

### ओशो ध्यान उपवन में शिव शक्ति ध्यान शिविर 23 से

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 23 सितंबर से सात दिवसीय शिव शक्ति ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिव शक्ति ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि शिविर में विज्ञान भैरव तंत्र पर आधारित प्रवचन रहेंगे और ध्यान की विभिन्न विधियां सिखाकर उनका अभ्यास करवाया जाएगा। इस शिविर में साधकों को सतगुरु ओशो के छोटे भाई स्वामी शैलेंद्र सरस्वती व मां अमृत प्रिया से साक्षात्कार करने का अवसर भी मिलेगा।

---

किसान बोले-खेतों में जलभराव से फसलें हो रही है प्रभावित

# बरसाती पानी की निकासी के लिए किसानों ने बरवाला मार्ग रोका

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के आश्वासन देने पर खोला जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते पुलिस अधिकारी।

उपमंडल के गांव घिराय के खेतों में जमा बरसाती पानी की निकासी की मांग को लेकर किसानों व ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह बरवाला रोड स्थित घिराय बस स्टैंड के समीप रोड़ पर अवरोध डाल कर जाम लगा दिया और सड़क पर दरी बिछाकर स्वयं भी सड़क पर बैठ गए।

किसानों द्वारा सड़क जाम किए सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह, भाटला पुलिस चौकी प्रभारी व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझा-बुझाकर कर सड़क जाम खुलवाने का प्रयास किया। जाम लगा रहे ग्रामीणों का कहना था कि उनके खेतों में पिछले कई दिनों से बरसाती पानी जमा होने के कारण खेत तालाब बने हुए हैं। जिससे उनकी धान, कपास और बाजरे जैसी फसलें पानी में डूब चुकी हैं और अगर जल्दी निकासी नहीं हुई तो उनकी मेहनत बर्बाद हो जाएगी।

सड़क जाम की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह और भाटला चौकी इंचार्ज पूरी टीम सहित मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर जाम खुलवाने का प्रयास किया। परंतु ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने और जलभराव की स्थिति से निजात दिलाने की मांग की। जिसके बाद सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फोन कर जाम की सूचना देकर मौके पर बुलाया।

सड़क जाम की सूचना मिलने सिंचाई विभाग के एसडीओ संदीप कुमार भी मौके पर पहुंचे।

#### तीन दिन में पानी निकालने का दिया आश्वासन

मौके पर पहुंचे एसडीओ संदीप कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उन्हें तीन दिन के भीतर खेतों में भरे पानी की निकासी करवाने का आश्वासन दिया। एसडीओ संदीप सिंह ने मौके पर मौजूद विभागीय कर्मचारियों को जलभराव का सर्वे करने और तुरंत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने घिराय अड्डे पर लगाए गए जाम को खोल दिया।

### पानी में डूबा तलवंडी राणा का श्मशान घाट

- शर्मनाक हालात: गंदे पानी से होकर गुजर रहीं शवयात्राएं, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग



हिसार। बरसाती पानी के कारण पानी में डूबा तलवंडी राणा श्मशान घाट का मुख्य द्वार। फोटो: हरिभूमि

**हिसार।** गांव तलवंडी राणा का मुख्य श्मशान घाट बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। बरसात के कारण लगातार जलभराव और निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण श्मशान घाट की एक तिहाई जमीन पानी में डूबी हुई है। यहां खड़े सौ से अधिक पेड़ पानी भराव से खराब हो चुके हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि यहां शवयात्राओं को गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। अंतिम संस्कार जैसे पवित्र कार्य के दौरान यह स्थिति ग्रामीणों के लिए गहरी पीड़ा और शर्मिंदगी का कारण बन रही है। श्मशान घाट की चारदीवारी भी पानी और नमी के कारण जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी समय यह भरभराकर गिर सकती है, जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। वहीं, आसपास के खेतों और घरों में भी पानी घुसने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण नरेश कुमार, सारदूल वर्मा, कृष्ण कुमार मुक्कड़, सुनील डोई ने बताया कि 10-12 दिन पहले भी गांव के एक भूतपूर्व सैनिक के अंतिम संस्कार के समय परिवार को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उस समय भी शवयात्रा को गंदे पानी से होकर श्मशान घाट तक पहुंचाया गया था। यह घटना न केवल गांव की व्यवस्था की खामियों को उजागर करती है बल्कि ग्रामीणों की भावनाओं को भी आहत करती है।

#### समिति ने कई बार की मांग, नहीं मिला समाधान

श्मशान सुधार समिति के अध्यक्ष नरेश सेलपाड़ व दूसरे पदाधिकारियों का कहना है कि इस मुद्दे को कई बार सरपंच के सामने रखा गया। समिति ने स्पष्ट तौर पर मांग की थी कि श्मशान घाट से पानी की निकासी करवाई जाए, चारदीवारी को पक्का कर मजबूत बनाया जाए और मिट्टी डालकर रास्ता सही किया जाए। नियमित सफाई भी आवश्यक है।

---



हांसी। आरपीएस के संस्थापक डॉ. ओपी यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते डॉ. संदीप देसवाल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### आरपीएस ग्रुप के संस्थापक डॉ. ओपी यादव को अर्पित की श्रद्धांजलि

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में आरपीएस ग्रुप के संस्थापक डॉक्टर ओपी यादव की पुण्यतिथि पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में डॉ. ओपी यादव के जीवन में किए गए संघर्ष व मेहनत को याद किया गया और विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप देसवाल, मुख्य अध्यापिका पूजा राणा व उप- प्रधानाचार्य अरुणेश कुमार और अध्यापकों ने डॉ ओपी यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप देसवाल ने कहा कि उन्होंने समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया जिससे वे समाज और छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। उनके विचार, परिश्रम और दूरदर्शिता ने हजारों विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## सीएम सैनी ने सदन में की जनहितैषी घोषणाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



डॉ. आशा खेदड़, जिलाध्यक्ष, भाजपा।

- जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने की बात भी कही गई : डा. आशा खेदड़

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को जनहितैषी बताया है। उन्होंने कहा कि सदन में मुख्यमंत्री ने हर वर्ग को राहत देने वाली घोषणाएं करके जनहितैषी होने का प्रमाण दिया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर वर्ग को राहत देने वाली घोषणाए की है। प्रधानमंत्री आवास योजना की तरह मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना और 100 गज तक के रिहायशी प्लॉट पर स्टांप ड्यूटी खत्म करना प्रमुख है। स्टांप ड्यूटी खत्म करने का फैसला जनहितैषी, खासकर गरीब जरूरतमंदों के हित में बड़ा फैसला है। इससे न केवल उन्हें आर्थिक लाभ होगा बल्कि स्टांप ड्यूटी के अभाव में उनकी रजिस्ट्री भी नहीं रूकेगी। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना का विस्तार करके इसका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने की बात भी कही है।

---

## स्कूल में गणेश चतुर्थी उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

- भगवान गणेश ज्ञान, बुद्धि और सौभाग्य के देवता : श्योराण

ब्लूमिंग चाइल्ड स्कूल, जाखोद खेड़ा में बुधवार को गणेश चतुर्थी का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना की गई। विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित शिक्षा नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कार, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ना है।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक सुरेंद्र श्योराण ने कहा कि भगवान गणेश ज्ञान, बुद्धि और सौभाग्य के देवता है। ये हमें समस्या-समाधान के लिए प्रेरित करते हैं। हमें अपनी रचनात्मकता को विकसित करने और नए विचारों को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। गणेश चतुर्थी हमें अपनी समृद्ध, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों के उपयोग और विसर्जन के माध्यम से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का पालन करना चाहिए।



हिसार। गणेश चतुर्थी उत्सव में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

### पोस्टर निर्माण स्पर्धा में रिधि रही प्रथम

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के नशा विरोधी जागरूकता प्रकोष्ठ की ओर से उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार एक प्रभावशाली अंतःमहाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी अभिशाप है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई ने बताया कि पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान रिधि (बीएससी प्रथम), द्वितीय स्थान तनीश (बीए द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान खुशी (बीएससी द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी (बीएससी द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान महक (बीए तृतीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान उषा रानी (एमएससी केमिस्ट्री) ने प्राप्त किया।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने किया हरियाणा विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण



हांसी। हरियाणा विधानसभा भ्रमण के दौरान विधायक विनोद भयाणा के साथ श्री काली देवी विद्या मंदिर के विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

- लोकतांत्रिक प्रक्रिया के गहन आयामों से अवगत हुए विद्यार्थी
- प्राचार्या गीता मेहता ने विधायक विनोद भयाना का जताया आभार

श्री काली देवी विद्या मंदिर की नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों ने हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से विधानसभा की कार्यवाही देखी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के गहन आयामों से अवगत हुए। इस दौरे में विद्यार्थियों ने अनुभव किया कि कैसे विभिन्न क्षेत्रों के विधायक अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखते हैं। प्रश्नोत्तर काल के अवलोकन से विद्यार्थियों को यह जानने का अवसर मिला कि जनप्रतिनिधि किस प्रकार जनता की समस्याओं को विधानसभा में उठाते हैं और उनके समाधान के लिए ठोस प्रयास करते हैं। प्राचार्या गीता मेहता ने विधायक विनोद भयाना का इस ऐतिहासिक व अविस्मरणीय भ्रमण एवं बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

---



### रॉयल स्कूल खारा खेड़ी में धूमधाम से हुआ गणपति का आगमन

**हिसार।** रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में गणेश चतुर्थी का भव्य आयोजन किया गया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की सुंदर, मनमोहक और पर्यावरण अनुकूल प्रतिमा की स्थापना की गई जिसे कला एवं शिल्प संकाय के इंचार्ज प्रीति और ओमवीर ने निपुणता से तैयार किया था। इस आयोजन में जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने गणपति जी का रूप धारण कर सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे-धजे विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य ने फूलों की वर्षा के बीच गणेश जी की प्रतिमा को सजे धजे पंडाल में स्थापित किया। संपूर्ण वातावरण 'गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया' के नारों से गूंज उठा। स्कूल संचालिका डॉङ ज्योत्स्ना ने बप्पा की आरती की।

## जेवेलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

- आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के सीबीएसई क्लस्टर मीट चैंपियनशिप में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी




हांसी। विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित करते श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राजपाल यादव। फोटो: हरिभूमि

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर की छात्राओं ने श्रीकृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल में आयोजित 15वीं सीबीएसई कलस्टर एथलीट मीट उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जेवेलिन थ्रो प्रतियोगिता में अंडर 19 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक विद्यालय को गर्व का क्षण प्रदान किया।

अंडर 19 आयु वर्ग में 4 गुना 100 मीटर रिले रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अंडर 19 आयु वर्ग खिलाड़ियों ने 4 गुना 400 मीटर रिले रेस तथा अंडर 17 आयु वर्ग में 4 गुना 400 मीटर रिले में भी शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किए। विद्यालय प्राचार्य नितीश मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धियां बच्चों की मेहनत, लगन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता : रणबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



रणबीर गंगवा, कैबिनेट मंत्री।

- दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना" को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और उन्हें सशक्त बनाना हरियाणा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित भारत की अवधारणा में महिलाओं की अहम भागीदारी है, इसलिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं।

उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में प्रदेश में "दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना" को लागू करने का निर्णय लिया गया है। योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 25 सितंबर से योजना का शुभारंभ हो जाएगा। इसी के साथ ही चुनाव के समय जारी किए गए संकल्प पत्र का एक वायदा पूरा हो गया है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

---



### हर मोर्चे पर सरकार विफल : अजय चौटाला

**बरवाला।** जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला गुरुवार को नई अनाज मंडी पहुंचे। यहां व्यापारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अजय चौटाला ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए वर्तमान राज्य सरकार की नीतियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हो चुकी है। लोग अपराध के साये में जीने को मजबूर हैं। हरियाणा में फिरौती, डकैती और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर इतनी असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है कि आम जनता भयभीत रहने लगी है। इस अवसर पर डॉ. अनंतराम बरवाला, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र लितानी, जिला प्रधान अमित बूरा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शीला भ्याण, जिला प्रभारी अनिल बालकिया, कार्यालय सचिव मास्टर रणधीर बल्हारा, सत्यवान कोहाड़, लक्ष्मण गोयल, सत्यवान बिछपड़ी, सज्जन सिंह सिसाय, राजू सिसाय आदि मौजूद थे।

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक आयोजित

# 10 में से 7 परिवादों का मौके पर किया समाधान

- हाइवे की सर्विस लाइन पर स्पीड ब्रेकर की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में जनसुनवाई करते विधायक रणधीर पनिहार व उपायुक्त अनीश यादव। फोटो: हरिभूमि

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक में 10 में से 7 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया।

शेष 3 शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखते हुए उन्होंने समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। गांव न्योली खुर्द निवासी ओम प्रकाश ख्यालिया ने राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड पर कोई भी स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण से निरंतर दुर्घटनाएं होने की बात रखी।

#### अवैध आरओ प्लांट बंद करने की मांग

गांव अनीपुरा निवासी विजेन्द्र सिंह ने अवैध रूप से लगाए गए आरओ प्लांट को बंद करवाने के लिए शिकायत दी और कहा कि पानी के लिए 55 से 60 फुट का बोर किया हुआ है। जो कि उपरोक्त आरओ प्लांट के कारण हमारे घर के बोर का पानी खराब हो चुका है, जो कि पीने लायक नहीं बचा है। इस पर नगर परिषद की तरफ से अवगत करवाया गया कि यह प्लांट अवैध है और इसके संचालकों को नोटिस दिया गया है। बैठक में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्लांट के पानी के सैंपल लेने और आगामी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

#### सीवरेज ओवरफ्लो की उठाई समस्या

गांव जमावड़ी निवासी जगदीश सिंह व सुंदर सिंह ने घरेलू बिजली कनेक्शन, हिसार शिव कॉलोनी निवासी अन्नु ने सीवरेज ओवरफ्लो होने, सेक्टर 15 ए, हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी बीएल भाटिया ने 40-50 वर्ष पुरानी कंडम हो चुकी पाइप लाइन को शीघ्रता से बदलने, आजाद नगर स्थित साकेत कालोनी निवासी मनोज कुमार द्वारा डेयरी के कारण मकान में पानी लगने व बीमारी फैलने की आशंका के चलते डेयरी बंद करवाने तथा हिसार सेक्टर 9-11 निवासी सुभाष चन्द्र जैन द्वारा बिजली के बुनियादी ढांचे में सुधार करने की समस्या रखी।

### दुकान से नकदी और सामान चोरी, केस दर्ज

**नारनौंद।** शहर में चोरों ने एक दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे हजारों रुपये की नकदी व रेडीमेड कपड़े और जूते चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नारनौंद निवासी संतरों ने बताया कि उसकी आशन चौक पर जूते-चप्पल व रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। गत 24 अगस्त की शाम वह दुकान बंद कर ताला लगाकर घर गई थी। अगली सुबह 25 अगस्त को जब वह दुकान पर पहुंची तो देखा कि ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दराज में रखे करीब 25-30 हजार रुपये गायब थे और कई रेडीमेड कपड़े व चप्पल-जूते भी चोरी हो गए।